जनपद-हमीरपुर

थाना जरिया **दिनांक 21.11.2026**

थाना जरिया पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए 05 अभियुक्त गिरफ्तार, ₹6,050 नकद बरामद।

पुलिस कार्यवाही-

जनपद में अपराध नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना जरिया पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए ग्राम पवई स्थित मेड़े की पुलिया के पास हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 05 अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ के ₹5,250/- एवं जामातलाशी के ₹800/-, कुल ₹6,050/- नकद तथा 52 अदद ताश के पत्ते बरामद किए गए। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना जरिया पर मु0अ0सं0 204/2026 धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1. शिवम सोनी पुत्र लखन, उम्र करीब 28 वर्ष।
2. शिवसिंह पुत्र रामगोपाल, उम्र करीब 30 वर्ष।
3. नरेश कुमार राजपूत पुत्र ठाकुरदास, उम्र करीब 32 वर्ष।
4. महेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र हल्के प्रसाद, उम्र करीब 32 वर्ष।
5. सतीश कुमार अनुरागी पुत्र दयानन्द, उम्र करीब 29 वर्ष निवासीगण ग्राम पवई, थाना जरिया, जनपद हमीरपुर।



बरामदगी का विवरण-

मालफड़ के ₹5,250/- नकद, जामातलाशी के ₹800/- नकद, कुल ₹6,050/- नकद एवं 52 अदद ताश के पत्ते।

अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास-

शिवम सोनी	**महेन्द्र सिंह राजपूत**
1. मु0अ0सं0 193/2020 धारा 147/148/149/323/504/506 भा0दं0सं0, जरिया। 2. मु0अ0सं0 22/2023 धारा 13 जुआ अधिनियम, जरिया। 3. मु0अ0सं0 133/2025 धारा 115(2)/351(3)/352 बीएनएस, जरिया। 4. मु0अ0सं0 204/2026 धारा 13 जुआ अधिनियम, जरिया।	1. मु0अ0सं0 321/2023 धारा 13 जुआ अधिनियम, जरिया। 2. मु0अ0सं0 146/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम, जरिया। 3. मु0अ0सं0 204/2026 धारा 13 जुआ अधिनियम, जरिया।

गिरफ्तारी का स्थान-

मेड़े की पुलिया, बहद ग्राम पवई, थाना जरिया, जनपद हमीरपुर।

पुलिस टीम-	1. उ0नि0 अवधेश उपाध्याय
2. का0 जितेन्द्र कुमार	3. का0 सूरज कुमार